खबर संक्षेप

## बिछिया पतंजलि योग समिति का गठन हुआ, अध्यक्ष गवले और मीडिया प्रभारी संजय दीक्षित बने



**भुआबिछिया।** पतंजलि योग समिति मंडला के जिला संरक्षक सुनील बाली, जिला अध्यक्ष योग आयोग मध्यप्रदेश के.डी. दुबे, उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, वरिष्ठ योग शिक्षक सी.के. वैष्णव, डी.डी. पांडे के द्वारा कल बिछिया पतंजलि योग समिति का पुनर्गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी पतंजलि तहसील अध्यक्ष बिछिया दशरथ लाल गवले, भारत स्वाभिमान तहसील अध्यक्ष बिछिया योगेश यादव, किसान सेवा समिति अध्यक्ष प्रदीप राय, अध्यक्ष युवा भारत दीपक पांडे, मीडिया प्रभारी संजय दीक्षित सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए। पतंजलि के तहसील संरक्षक के पद पर आजाद चौबे को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, महामंत्री नरेश राजपूत, कृष्ण कुमार पांडे, एस. पन्द्रे, महिला, पतंजलि तहसील प्रभारी सुश्री सीमा राजपूत वरिष्ठ योग शिक्षक संतोष ठाकुर, लक्ष्मी वर्मन, समा परवीन, नीलू बैरागी, अशोक मुराली, राजकुमारी वलके सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सीमा राजपूत ने किया।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 14 अगस्त को मनाया जायेगा उत्सव


# जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन

*** बलराम जयंती जन्माष्टमी के पूर्व मनाई जायेगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मध्यप्रदेश केवल भारत का भौगोलिक हृदय नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का केन्द्र भी है। यहाँ हर कोने में देवालय, तीर्थ और पौराणिक कथाओं से जुड़े स्थल मौजूद हैं। यह वह भूमि है जहां वनवास के दौरान भगवान श्रीराम के श्रीचरण पड़े और अधिकांश समय उन्होंने यहीं बिताया। इसी भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण को ज्ञान प्राप्त हुआ, जहां उन्होंने 14 विद्या और 64 कलाएं अपने गुरु सांदीपनि से सीखीं। 12 ज्योतिर्लिंगों में से दो प्रमुख महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग भी यहीं विराजमान है।





भगवान श्रीकृष्ण से सम्बन्धित स्थल एवं प्रदेश के प्रमुख मंदिरों व स्थानों के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व को उजागर करते हुए मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा बलराम जयंती (14 अगस्त 2025) एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (16 अगस्त 2025) के पावन अवसर पर ''श्रीकृष्ण पर्व'' हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश कृष्णमयी हो जायेगा और साथ ही सांस्कृतिक रंगों के साथ रंगा नजर आयेगा।



संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के पहले इस धरा पर श्री बलराम आभिरभूत हुए हैं। श्री बलराम के साथ परंपरा ने हल को जोड़कर कृषि की व्यवस्थित संस्कृति का सूत्रपात किया है। भगवान श्रीकृष्ण की गौ-पालक की भूमिका व्यवस्थित कृषि संस्कृति का विकास माना जाता है। उन्होंने बताया कि इसी बात को आधार मानते हुए श्री बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री बलराम एवं श्रीकृष्ण प्रसंगों, उनके अवदान एवं लोककल्याणकारी जीवन गाथा से संबंधित साहित्यिक परिचर्चाओं का आयोजन, संवाद के साथ विभाग द्वारा चिन्हित मंदिरों/स्थलों पर भजन, कीर्तन व अन्य भक्तिमय कार्यक्रम के आयोजन के लिए मंडलियों/सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां संयोजित की जा रही हैं। साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है।

श्रीकृष्ण पर्व के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मण्डला में 14 अगस्त 2025 को दोपहर 1 बजे मनीष यादव, सागर का बरेदी लोकनृत्य, मथुरा के गिरधर गोपाल शर्मा समारोह में हलधर लीला प्रस्तुति, सुश्री राखी बांके, भोपाल और लक्ष्मी दुबे, जबलपुर भक्ति गायन की सुमधुर प्रस्तुति देंगी। 16 अगस्त 2025 को माहिष्मती घाट पर छतरपुर के रवि अहिरवार बधाई और बरेदी लोकनृत्य, भोपाल की डॉ. श्यामा पंडित "श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका", सिवनी के श्री रूद्रकांत ठाकुर एवं दल तथा जबलपुर के मनीष अग्रवाल एवं दल का भक्ति गायन की प्रस्तुति होगी।

## समूह बनाकर ऋण देने का वादा, महिलाओं के जेवर लेकर फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

आदिवासी जिले के भोलेभाले लोगों से लूट धोखाधड़ी का सिलसिला लगातार जारी है, फिर चाहे इनकी जमीन हो या इनके जेवर या नगद पैसे जिसे हड़पने कुछ बदमाश लोग जिले में सक्रिय हैं जो पहले सस्ता लोन दिलाने के नाम से गांवों में समूह का गठन करते हैं और बाद में समूह के लोगों का आर्थिक व मानसिक शोषण कर फरार हो जाते हैं, वहीं शासन-प्रशासन ऐसे मामलों में पीड़ितों को इंसाफ दिलाने में अधिकांश असफल ही साबित हुआ है।

ताजा मामला निवास थानांतर्गत ग्राम खिन्हा रपटा का है, ठगी की शिकार एक दर्जन महिलाओं ने थाना पहुंच कर बकील के माध्यम से लिखित शिकायत देकर दोषियों पर विधिवत कार्यवाही कर न्याय की मांग की है।

पीड़ित महिलाओं ने बताया कि लोन दिलाने के नाम पर (भारत फ़ायनानसियल इन्क्लूजन)-केयर ऑफ इंडसइंड बैंक शाखा नारायणगंज के प्रबंधक राजेश कुसरे व खिन्हा रिप्टा निवासी श्रीमती मीना परस्ते ने ग्रामीण महिलाओं को ऋण दिलाने के नाम पर फिंगरप्रिंट लिया और बारह महिलाओं के नाम से अलग अलग ऋण लेकर कुल4 लाख 81 हजार की राशि डकार गये, इतना ही नहीं बल्कि कुछ महिलाओं से उनके करधन, पायल, गजरा, मंगलसूत्र, झुमकी आदि भी कुछ दिन बाद वापस करने का हवाला देकर दोनों आरोपी फरार हैं, जालसाजी में लिप्त दोनों आरोपियों ने हेकड़ी दिखाते हुये उक्त सभी महिलाओं से कहा कि लोन की क़स्ति पटाओ नहीं तो तुम्हारी गिरफ्तारी हो सकती है, तब ठगी गई महिलाओं के कान खड़े हुये और लुटे जाने की पुष्टि होने पर कंपनी के लोगों की नामजद एफआईआर दर्ज की है।



# जिला भाजपा द्वारा निकाली गई भव्य तिरंगा यात्राएं

*** नर्मदा में नौका तिरंगा यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी जिला मंडला द्वारा मंगलवार को "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामीण मंडलों में देशभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा थामकर गाँव-गाँव, गली-गली और सड़कों पर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

कार्यक्रम की सबसे खास कड़ी रही नर्मदा नदी में निकाली गई नौका तिरंगा यात्रा, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने सजावट से सुसज्जित नौकाओं पर तिरंगा लहराते हुए स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को नमन किया। नौका यात्रा में देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और किनारों पर खड़े लोगों ने तिरंगे को देखकर जयघोष किया।



कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा ग्रामीण मंडल के द्वारा साल्हेडंडा से प्रारंभ होकर पौंडी होते हुए महाराजपुर तक निकली तिरंगा यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारे लगाए। वही चिरईडोंगरी मंडल के द्वारा जामगांव से चिरईडोंगरी तक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। सजे-धजे ट्रैक्टरों पर तिरंगे लहराते हुए ग्रामीणों ने पूरे मार्ग को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।वही बम्हनी मंडल के द्वारा टिकरी टोला से बम्हनी बस स्टैंड तक पैदल और वाहन रैली के रूप में तिरंगा यात्रा निकाली गई। राहगीरों और दुकानदारों ने यात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा से किया।वही जिला इकाई के द्वारा संगम घाट में विशेष नौका तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें भाजपा जिला इकाई के कार्यकर्ता शामिल हुए और नर्मदा तट से तिरंगे को सलामी दी। अंजनिया मंडल के द्वारा भाजपा कार्यालय अंजनिया से मुख्य मार्ग होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का जोश देखने लायक था।

### परंपरागत पूजा अर्चना कर महिलाओं ने मनाया तीजा पर्व

*** सिंधी समाज की महिलाओं ने तीजा व्रत में पति की दीर्घायु और खुशहाली के लिए की कामना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



पति की दीर्घायु और खुशहाली की कामना के लिए सिंधी समाज की महिलाओं ने तीजा का व्रत रखा, सुहागन महिलाएं पति की लंबी उम्र एवं कन्याएं सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए तीजा व्रत रखती हैं,इसके लिए एक दिन पूर्व मेहंदी रस्म अदायगी की गई, मंगलवार की सुबह महिलाओं ने ब्रह्म मुहूर्त में सरगी का सेवन किया, नए परिधानों में सोलह श्रृंगार से सज्जित होकर,हाथों में पूजा की थाली लेकर महिलाएं सामाजिक पुरोहित के घर विधिवत पूजन अर्चन के लिए एकत्र हुईं,पुरोहित के अनुसार पूजा में कलश का विशेष महत्व है, सुबह तीज माता का फुलेहरा झूले में बांधा गया, जिसमें महिलाओं ने परंपरागत रूप से झूला झुलाया इस फुलहरे में फल, फ्रूट एवं पूजन सामग्री का समावेश किया जाता है एवं महिलाओं के द्वारा तीज के अवसर पर इसका विधिवत पूजन अर्चन किया जाता है, शाम को सामाजिक पुरोहित के घर तीजड़ी माता की कथा हुई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर कथा का श्रवण किया, रात्रि को चंद्र देव की पूजा की गई, चंद्रदेव को अर्क देकर पति की पूजा की एवं उनके हाथों से जल ग्रहण करके व्रत को पूर्ण किया, तीजा के अवसर पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया और घर के बड़ो के मार्गदर्शन में परंपराओं का निर्वहन किया गया, इस अवसर पर पति ने पत्नियों को उपहार भेंट किया।

**तिरंगा यात्रा** | **तिरंगे के साथ साईकिल सवार युवकों ने किया नगर भ्रमण।**

# मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप की निकली भव्य रैली

*** 15 किमी की तिरंगा यात्रा रही ऐतिहासिक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मंडला में देशभक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। शहर के प्रथम साइकिल समूह मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप द्वारा आयोजित भव्य तिरंगा साइकिल रैली 12 अगस्त को उत्साह और उमंग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

रैली का शुभारंभ सुबह 5:45 बजे रपटा से हुआ, जो बैगा बैगी चौराहा, रेडक्रॉस तिराहा, जेल घाट, रानी अवंतीबाई स्कूल, उदय चौक, बस स्टैंड, बिंझिया तिराहा, नेहरू स्मारक, आंगन तिराहा और महाराजपुर होते हुए पुनः रपटा घाट पर समाप्त हुई। कुल 15 किलोमीटर की इस यात्रा के दौरान शहर देशभक्ति गीतों, गगनभेदी नारों और तिरंगे की शान से सराबोर रहा।




साइकिलिस्ट विजय बहादुर सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना, युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना और साइकिलिंग को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि रैली में शामिल सभी प्रतिभागियों ने हेलमेट, दस्ताने और धूप का चश्मा पहनकर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा।

मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप का कहना है कि तिरंगा साइकिल रैली हमारे लिए सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि देशभक्ति का उत्सव है। इस 15 किलोमीटर की यात्रा में हमने न सिर्फ साइकिलिंग का आनंद लिया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया और युवाओं में देश के प्रति प्रेम जागृत करने का संदेश दिया। हमारा ग्रुप प्रतिदिन साइक्लिंग करता है एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना ही हमारा प्रथम प्रयास है। हम चाहते हैं कि मंडला के लोग साइकिलिंग को अपनाएं, इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। हम आभारी हैं उन सभी साथियों के, जिन्होंने सुबह 5:45 बजे रपटा से लेकर महाराजपुर तक पूरे जोश और तिरंगे के गर्व के साथ हमारा साथ दिया।

इस अवसर पर मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में और अधिक लोग इस तरह के आयोजनों से जुड़ेंगे, जिससे स्वास्थ्य, पर्यावरण और देशभक्ति—तीनों को एक साथ बढ़ावा मिलेगा।

## नारायणगंज-बैगा टोला की टूटी सड़क बनी ग्रामीणों की बड़ी समस्या

*** महीनों से नहीं हुआ जीर्णोद्धार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



नारायणगंज मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत खैरी के बैगा टोला में महीनों से टूटी पड़ी सड़क स्थानीय निवासियों के लिए भारी परेशानी का कारण बनी हुई है। पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया था, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी अब तक इसकी मरम्मत नहीं की गई। नतीजा यह है कि सड़क मलबे और कीचड़ के ढेर में तब्दील हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार भले ही कई योजनाएं चला रही हो, लेकिन भ्रष्ट ठेकेदारों और लापरवाह अधिकारियों की मिलीभगत के चलते इनका लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा। बैगा टोला की यह जर्जर सड़क इस उदासीनता का स्पष्ट उदाहरण है।

हाल ही में त्यौहार के समय भी ग्रामीणों को इसी कीचड़ भरी सड़क से होकर गुजरना पड़ा, जिससे उनकी खुशियां फीकी पड़ गईं। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीण लगातार इस सड़क के जीर्णोद्धार की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज अनसुनी की जा रही है। फिलहाल बैगा टोला के लोग मलबा और कीचड़ से भरी सड़क पर जीवन यापन करने को मजबूर हैं, और जिम्मेदार विभागों की चुप्पी इस लापरवाही को और भी गहरा कर रही है।

## खबर संक्षेप

### माँ बेटे के साथ की गई मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कल्याणपुर निवासी एक 70 वार्षिय महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि पुरानी बुराई को लेकर बीते हुये दिवस वही के निवासी मोनू शुक्ला तथा उसके मामा का लड़का एवं अन्य तीन लोगों द्वारा पुरानी बुराई के चलते प्रार्थिया के बेटा आम प्रकाश पिता पूरन लाल प्रजापति के साथ लाठियों से मारपीट की गई इस दौरान जब प्रार्थिया अपने बेटे को बचाने के लिये पहुंची तो आरोपियों द्वारा उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लाठी मारकर चोट पहुंचाई

**सांईखेड़ा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम खैरी पाली निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव के तालाब के पास बैठा हुआ था उसी समय बारे लाल ठाकुर आया और प्रार्थी से बोला की यहां से चला जा। प्रार्थी द्वारा कहा कि में क्यों चला जाऊ इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। इसी दौरान उसके परिवार के गुड्डा व ग्यारसी ठाकुर आ गये उनके द्वारा भी मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### करेन्ट लगने से हुई मौत पर मामला दर्ज

**सांईखेड़ा।** देखा जाता है कि लोग बिजली संबंधी कार्य कराने के लिये लोगों को बुला लेते है मगर उनकी सुरक्षा के प्रबंध नही किये जाते जिसके चलते कार्य करने वाली की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बनवारी में देखने मिली जब बिजली कार्य करने के लिये बुलाये गये युवक की मौत होने पर पुलिस द्वारा मामला कायम किया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम बनवारी निवासी परषोत्तम अहिरवार द्वारा अपने पड़ौस में रहने वाले कल्याण सिंह पिता राम किशन कुशवाहा को अपने घर की बिजली सुधारवाने के लिये बुलाया गया था। इस दौरान कल्याण सिंह को करेन्ट लगने से जब परिवार के लोग इलाज हेतु गाडरवारा लेकर आये तो वहां पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किये जाने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। जांच उपरांत आरोपी परषोत्तम अहिरवार के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### घर के सामने से निकलने की बात पर की पिटाई

**सांईखेड़ा।** समीपसि ग्राम पिपरिया कला निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में सत्या ठाकुर का ट्रेक्टर लेकर जा रहा था उसी दौरान जब गांव के हल्के चौधरी के घर सामने पहुंचा तो हल्के चौधरी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये कहा कि मेरे घर के सामने से ठीक से निकला करे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई घटना को लेकर प्रार्थी क शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### हाथ की कोहनी में मारी लाठी

**गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम दहलवाडा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बरिया वाले चबूतरा के पास बैठा हुआ था उसी दौरान गांव का ज्ञानी अहिरवार आया और बगैर किसी कारण के ही गंदी गंदी गालिया देने लगा जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा प्रार्थी के हाथ कोहनी में लाठी मारते हुये चोट पहुंचाई।

मासूमों के भविष्य पर संकट के बादल मड़राने से अभिभावकों में रोष..

# नये शिक्षा सत्र के दो माह बीत जाने के बाद सांईखेड़ा के दो निजी स्कूलों की मान्यता रद्द

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि निजी शिक्षण संस्थाओं में जिस तरह मनामनी करते हुये फीस बसूली से लेकर पुस्तको में बदलाव के निर्णय लेते हुये अभिभावकों के जेबों पर जिस तरह डाका डाला जा रहा है उसके चलते अभिभवाक परेशान होने से नही बच पा रहे है। वही दूसरी ओर अनेक शिक्षण संस्थाओं में शासन के माद दंडो को दर किनार करते हुये जिस प्रकार से संचालित किया जा रहा है उसके नजारे आये दिन देखने मिलना आम बात हो चुकी है। इस तरह निजी शिक्षण संस्थाओं की मनमानी पर अंकुश लगना जरूरी है। मगर शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद शासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही मासूम के भविष्य पर विपरित असर डालने से नही चूकती है। क्योंकि नया शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले जहां शिक्षा विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली जाती है। वही दूसरी ओर अभिभावकों में भी नये शिक्षा सत्र को लेकर अपने बच्चों को जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने तथा उनकी फीस भरने के चलते काफी पैसा खर्च किया जाता है। यदि शिक्षा सत्र शुरू होने के कुछ माह बाद जब शासन द्वारा कोई कार्यवाही करते हुये निर्णय लिया जाता है तो इसका असर निश्चित तौर से मासूम बच्चों के भविष्य से पड़ने से नही चूक पाता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय शिक्षा विभाग द्वारा जिस तरह से सांईखेड़ा के दो




निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करने का जो आदेश जारी किया गया है। वही निश्चित तौर से शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है..? सांईखेड़ा के दो निजी स्कूलों की मान्यता रद्द होने संबंधी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया आदेश की काफी जिस तरह सोशल मीडिया पर वायरल होते हुये देखी जा रही है उसको लेकर अभिभावकों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर जहां चिंता देखने मिल रही है तो दूसरी ओर आक्रोश भी पैदा होते हुये देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल आदेश में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक 5107/मान्यता2025 नरसिंहपुर दिनांक 04/08/2025 जो विकास खंड शिक्षा अधिकारी साईखेड़ा के नाम से जारी हुआ है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि सत्र 2025-26 के लिये ऐसे अशासकीय विद्यालय जिनकी मान्यता नवीनीकृत नही हो सकी, में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अन्य निकटवर्ती शासकीय विद्यालय में प्रवेश संबंधी, संदर्भ- लोक शिक्षण संचा. म.प्र. भोपाल पत्र क्र./मान्यता/2025-26/1362 भोपाल दिनांक 01.08.2025 उपरोक्त पत्रानुसार ऐसे अशासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी विद्यालय जिन्हे सत्र 2024-25 तक की अवधि हेतु मान्यता प्राप्त थी एवं इसके उपरांत सत्र 2025-26 एवं आगामी व्यवस्था के संबंध में म.प्र. माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता नियम 2017( यथा संशोधित नियम 2020 एवं 2021) की कंडिका 11 (2) में आवश्यक प्रावधान दिये गये है। तदानुसार ऐसे विद्यालय के लिये जहां मान्यता रद्द करने का विनिश्चय किया जा रहा है, उन विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निकटवर्ती शासकीय विद्यालय में प्रवेश दिया जाए, मान्यता नवीनीकृत नही किये गये विद्यालय में शामिल सांईखेड़ा के सेन्ट्रल पब्लिक एकडमी एच एस एस स्कूल तथा स्वामी विद्यानंद एडियल पब्लिक स्कूल सांईखेड़ा का नाम है। इस तरह इन स्कूलों की मान्यता रद्द होने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ब्लाक शिक्षा अधिकारी के नाम जारी किये गये पत्र में इन स्कूलों में अध्ययनरत बच्चां को निकटवर्ती शासकीय विद्यालय में तत्काल प्रवेश करना सुनिश्चित करने



के आदेश दिये गये है। इस तरह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से 4 अगस्त 2025 को जारी हुये इस आदेश से जहां अभिभावकों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर शिक्षा विभाग द्वारा देरी से लिये गये इस निर्णय को लेकर आक्रोश फैलने से नही चूक रहा है..? अभिभावको का कहना है कि यदि स्कूलों द्वारा मनमानी की जा रही है तो उनके खिलाफ कार्यवाही होना कोई बुरी बात नही है। मगर नये शिक्षा सत्र को शुरू हुये जहां दो माह का समय बीतने को है और इन दोनों निजी अंग्रेजी माध्यम से संचालित होने वाले स्कूलों में सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राये अध्ययनरत है जिनकी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। इस तरह शिक्षा सत्र दो माह बीत जाने के बाद निर्णय लेने से निश्चित तौर से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से नही चूक पायेगी तो दूसरी ओर जिस तरह आदेश में इन स्कूलों के बच्चों को निकट के शासकीय स्कूलो में प्रवेश की बात कही जा रही है तो सबाल यह पैदा हो रहा है कि यह दोनों स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित हो रहे है। यदि इन बच्चों को शासकीय स्कूलों में प्रवेश दिया जावेगा तो वह हिन्दी माध्यम के होते है इस स्थिति में बच्चों का भविष्य खराब होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? वही दूसरी ओर इन स्कूलों के बच्चों ने जहां पुस्तको से लेकर ड्रेस व अन्य सामग्री खरीदने में पैसा खर्ज किया गया है यदि अब वह दूसरे स्कूलों में जाते है तो खरीदी गई पुस्तके किसी काम की नही रहेगी इससे अभिभावाकों पर आर्थिक बोझ पड़ने से नही चूकेगा। यदि शासन को कार्यवाही करनी थी तो शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले करनी थी या फिर सत्र समाप्त होने के बाद तो बच्चों भविष्य संकट में पड़ने से बच जाता। इस तरह स्कूलों की मान्यता रद्द होने की सच्चाई जानने के लिये हमारे प्रतिनिधि द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा व ब्लाक शिक्षा अधिकारी सीमा डोगरे से जानकारी लेने के लिये उनके मोबाईल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। मगर दोनो अधिकारियों ने फोन उठाना तक उचित नही समझा गया। इस प्रकार से शिक्षा सत्र के दो माह बाद जारी हुये इस आदेश के चलते अभिभावकों में आक्रोश दिखाई देने की शुरूआत हो चुकी है..?

## गैडी प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केन्द्र, सहावन में आयोजित युवा ने जोश के साथ लिया भाग



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** भले ही भौतिकवादी युग में लोग पुराने खेल व अन्य परम्पुराओं को भुलाते जा रहे है। मगर इसके बाद भी जब इन पुरानी परम्पराओं का प्रदर्शन होता है तो आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से सालीचौका क्षेत्र के ग्राम सहावन में रक्षा बंधन के बाद हर



साल गैडी प्रतियोगिता का का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन को देखने के लिये जहां दूर दूर के गांवों के लोग पहुंचते है। वही दूसरी ओर इस आयोजन में युवा भाग लेते हुये गैडी पर चलते हुये जिस तरह प्रदर्शन करते है उन्हें पुरूस्कृत किया जाता है। इसी के चलते बीते हुये दिवस ग्राम सहावन में आयोजित की गई गैडी प्रतियोगिता संपूर्ण क्षेत्रवासियों के लिये आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पाई और इस आयोजन को देखने के लिये लोगों की भीड़ उमड़े हुये देखी गई। बताया जाता है कि एक लकडी के बीचों बीच पैर के पंजा के समान पटिया लगाते हुये लोग उस पर खड़े होकर कीचड़ के बीच चलकर अपना प्रदर्शन करते है। जो व्यक्ति अधिक देर तक इस गैडी के ऊपर खड़ा रहकर चलने में सफल होता है उसक सर्व श्रेष्ठ घोषित किया जाता है।

### शहीद नगर में बीपीएमयू बैठक का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** विकास खंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक में बीआरसी चीचली डी के पटेल ने सभी ग्राम/बसाहट में चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों का सर्वे करने के आलवा गणवेश हेतु छात्रों के बैंक खाते एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अपडेट करने सहित एफएलएन मेला का आयोजन एवं मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करने सहित एफ एल एन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, पुस्तक रिसीविंग, शिक्षक दिवस अवसर पर विभिन्न स्तर पर शैक्षिक संगोष्ठी के आयोजन इत्यादि बिंदुओं पर जरूर दिशा निर्देश दिये गये। वही बैठक में उपस्थित एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने , शाला संचालन में नियमितता, नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के फॉर्म भरने, मैपिंग प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल पर प्रोगेशन कार्य संबंधी चर्चा की गई। नवभारत साक्षरता सह समन्वयक लेखराम गौतम तथा सत्यम ताम्रकार द्वारा ने ग्राम बसाहट में असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, अक्षर साथियों का चिन्हांकन, अक्षर पोथी का वितरण, सामाजिक चेतना के संचालन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात कही गई।

## आज नगर पालिका द्वारा निकाली जावेगी तिरंगा रैली, देश भक्ति में लीन नजर आ रहे लोग





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्वतंत्रता की वर्षगांठ मनाने के लिये जहां लोगों में जोश दिखाई दे रहा है। वही दूसरी ओर लगातार तिरंगा रैलियों के चलते लोगों को देश भक्ति में लीन होते हुये देखा जा रहा है। शासकीय संस्थाओं के साथ साथ निजी संस्थाओं द्वारा भी लगातार तिरंगा रैली निकाली जा रही है। इसी के चलते आज नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में भव्य तिरंगा रैली निकाले जाने की तैयारियाँ की जा रही है। बताया जाता है कि सुबह 11 बजे नगर पालिका परिसर से शुरू होकर यह रैली नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जावेगी। वही बीते हुये दिवस विकास खंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रो ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर देश भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। माइक साउंड व्यवस्था से परिपूर्ण रैली विद्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होकर बस स्टैंड सहित नगर में भ्रमण करते हुए वापिस विद्यालय में समाप्त हुई। रैली में छात्र हाथ में तिरंगा झंडा लिए देशभक्ति के नारे लगाये। रैली के समापन पर प्राचार्य भूपेश ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी छात्र अपने आसपास निवास करने वाले जन सामान्य को तिरंगा अभियान का संदेश देंवे। इसी प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में भी सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर परिषद व पुलिस द्वारा संयुक्त तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि यह रैली नगर परिषद से शुरू होकर प्रमुख मार्गों, हाईवे और गली-मोहल्लों से होते हुए पुनः नगर परिषद मुख्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान कर्मचारी देशभक्ति गीत गाते हुये लोगों को देश की भक्ति में समाहित होने के लिये मजबूर करते हुये देखे जा रहे थें। इस मौके पर साइखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक और पूरा पुलिस बल के आलवा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल सहित सभी पार्षद व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## इस प्रकार की लापरवाही के चलते अपने साथ दूसरों की जान भी खतरे में पड़ सकती है

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जहां एक ओर इस समय सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की गति पर अंकुश न लगने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होना आम बात होती चली जा रही है। मगर वही कुछ वाहन चालकों द्वारा देखा जाता है कि वह इस प्रकार की लापरवाही का परिचय देते है जिसके चलते वह खुद की जिन्दगी को तो खतरे में डालते ही है साथ ही साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे से डालने से नही चूकते है? मगर इस प्रकार से मनमानी करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि उनके हौसले इतने बुलंद रहते है कि वह आये दिन मुख्य मार्गो से जिस प्रकार से वाहन चलाते समय लापरवाही का परिचय देते हुए देखे जाते है उससे पुलिस की उदासीनता को खुला प्रमाण दिखाई देते हुए जान पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा सांईखेड़ा मार्ग पर उस समय देखने मिली जब एक युवक अपने स्वयं के स्वार्थो को ध्यान में रखते हुए खुलेआम अपनी जिन्दगी को तो खतरे में डाल ही रहा था वही दूसरी ओर दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे में डालते हुए यातायात नियमों की धडल्ले से धज्जियाँ उड़ाई जा रही थी? बताया जाता है कि स्टैट स्तर के हाईवे माने जाने वाले मार्ग गाडरवारा सांईखेड़ा के



बीच एक स्कूटी पर सवार युवक अपने साथ रखे हुए कुर्सियों पर इस प्रकार से बैठा हुआ था कि उसके बैठने के कारण यदि उसका वाहन अनियंत्रित हो जाता था तो इस हरकत के चलते खुद की जिन्दगी को तो खतरा पैदा होता ही साथ ही साथ दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था? इस प्रकार के दृश्य को देखते हुए लोग यह बात कहने से नही चूके कि यह सब पुलिस प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है जिसके चलते लोग इस प्रकार से आये दिन मुख्य मार्गो पर यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए दिखाई देते रहते है और पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही करता है?

## क्या सालीचौका रेल्वे स्टेशन पर पशुओं की मैराथन दौड़ की तैयारी तो नहीं की जा रही है?

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** कहने के लिए तो इस समय सालीचौका क्षेत्र में लगातार विकास की गति में बताया जा रहा है, मगर यहां पर फैली हुई अव्यवस्थाओं के चलते जिस प्रकार से क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस ओर किसी भी जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि लोग लगातार परेशान होते हुये देखे जा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई रेल्वे स्टेशन की भी देखी जा रही है, सालीचौका रेल्वे स्टेशन से क्षेत्र में लगभग 40 से 50 गांवों के लोग प्रतिदिन गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर सहित होशंगाबाद, पिपिरया, इटारसी सहित अन्य जगहों के लिए यात्रा करते है, मगर यहां के रेल्वे स्टेशन पर फैली हुई अव्यवस्थाओं में सुधार की ओर किसी के द्वारा भी ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि रेल यात्री अपने आपको पूर्णरूप से असुरक्षित महसूस करने से नही चूकते है। क्षेत्र के लोगों को रेल सुविधाएं मिलने के नाम पर देखा जावे तो यहां पर पैसेन्जर गाड़ियों के आलवा मात्र जनता एक्सप्रेस का ही स्टाप है। जबकि क्षेत्र के गरीबों के लिए प्रमुख माने जाने वाली शटल गाड़ी को बीते हुए कई वर्ष पहले जिस प्रकार से बंद कर दिया गया है उसे पुनः शुरू कराने के लिए आज तक क्षेत्र के किसी भी नेता द्वारा कोई प्रयास नही किया गया है जिसके चलते कुछ वर्ष पहले शटल बंद होने के कारण क्षेत्र के गरीबों को परेशान होते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर रेल्वे स्टेशन की व्यवस्थाओं की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई है कि जहां बारिश के मौसम में रेल यात्रियों को खड़े होने के लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध नही हो पाती है, जिसके चलते बारिश के पानी में भीगते हुए ट्रेनों का इंतजार करते हुए देखा जाता है और यह सच्चाई आने वाले चंद दिवस बाद दिखाई देने लगेगी? वही गर्मी के दिनों में रेलयात्री छाव तलासते हुये देखे जाते है, जिसकी सच्चाई आने वाले कुछ दिनों बाद आसानी से दिखाई देने से नही चूकेगी? वही सुरक्षा की दृष्टि पर नजर डाली जावे तो रात दिन यहां पर आवारा तत्वों की जमावड़ा लगा रहने के कारण महिला यात्रियों को अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुए देखा जाता है? स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि रेल्वे स्टेशन पर घूमने वाले आवारा पशुओं पूर्णरूप से यहां पर कब्जा जमा लेते है जिसके कारण रेल यात्री अपने जान को खतरा महसूस करने से नही चूक रहे है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई उस समय देखने मिली जब रेल्वे प्लेट फार्म के समीप पशुओं की जमावड़ा लगा हुआ था उसे देखकर लोग यह बात कहने से नही चूके की गई ऐसा तो नही कि रेल विभाग द्वारा पशुओं के बीच कोई मैराथन दौड़ की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हो जिसके कारण इतने पशुर यहां पर एकत्र है? इस प्रकार से देखा जा रहा है कि रेल्वे स्टेशन पर दिन दिन भी पशुओं द्वारा जिस प्रकार से भ्रमण करते हुए देखा जाता है उसके चलते सालीचौका रेल्वे स्टेशन कम व पशुओं के तबेला के रूप में अधिक जान पड़ने से नही चूक रही है? अनेकोबार तो स्थिति इस प्रकार से होती है कि जब रेलयात्री ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास करते है और यह पशु बीचों बीच आ जाते है जिसके चलते यात्रियों को अपनी जान बचाने के लिए दूर भागना पड़ता है?

## मच्छरों की भरमार से फैलने लगी बीमारियां

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वारिश की गति में अचानक ब्रेक लगने के चलते जहां लोग उमस भरी गर्मी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो मौसम विभाग द्वारा आये दिन बारिश होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मगर बारिश शुरू नही होने से पूर्व की तरह मौसम विभाग की सूचना फैल होते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर इन दिनों उमस भरी गर्मी के तीखे तेवर दिखाने के दौरान भी शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। जिसका परिणाम है कि मच्छरो की पैदाईश में लगातार ईजाफा हो रहा है और मच्छरो की फौज मानव स्वास्थ्य पर हमला बोल रही है। शहर के चिकित्सकों की मानें तो शहर में मच्छरों की भरमार होने के कारण वैक्टीरिया पनपने से पीलिया, वायरल फीवर के मरीज बढ़ रहे है और इस वैक्टीरिया को और अधिक बढ़ानें में गंदगी फैलाने वाले आवारा सूकर, कूकर, जानवर योगदान दे रहे है। क्योंकि चल रहा अगस्त माह जहां मच्छर जानित बीमारियो को फैलाने वाला महिना माना जाता है। वैसे भी देखा जावे तो भादों माह बीमारियों वाला कहा जाता है इस स्थिति में इस माह साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत रहती है। आमजन की अपेक्षा है कि नगर पालिका प्रशासन को सभी वार्डो की नालियों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाते हुये कीट नाशक दबाईयों का छिड़काव करना चाहिये। क्योकि उमस भरी गर्मी के दिनो में ही अजीब तरह की बीमारियॉ फैलती है और शासकीय, निजी अस्पतालो की शरण में जाने वाले मरीजो का प्रतिशत बढ़ जाता है, जिसके चलते नगरवासियो ने नपा. एवं स्वास्थ्य विभाग से कीटनाशकों का छिड़काव करा और फागिंग मशीन चलवाकर कई तरह की बीमारियो के जनक मच्छरो के विनाश की गुहार लगायी है।

### सांझा चूल्हा कार्यक्रम ने गांवों में तोड़ा दम, बच्चे खिचड़ी भरोसे चला रहे अपना काम

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** साझा चूल्हा पोषण आहार कार्यक्रम यहॉ एक औपचारिकता बन कर रह गया है। वही क्षेत्र के कई गॉवों में इस योजना ने दम तोड दिया है...? गांवों में जाकर देखा जावे तो वहां पर न तो मीनू के अनुसार भोजन तैयार हा रहा है और न ही बच्चों को दिया जा रहा है और न ही साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है? सरकार ने ग्रामीण स्कूलों के बच्चों और महिला एवं बाल विकास विभाग की आँगनवाड़ियों के बच्चों के लिए एक ही चूल्हे पर ताजा और पौष्टिक आहार देने की योजना को लागू तो किया गया है, किन्तु योजना का समुचित लाभ बच्चों को नही मिल रहा है, योजना के सफल कार्यान्वियन में ग्रामीणों की उदासीनता भी चिंता का विषय बन गई है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो पंचायतों के प्रमुख माने जाने वाले सरपंच और सचिव भी अपने कर्तव्य निर्वहन के प्रति जागरूक नजर नही आ रहे है? स्कूली बच्चों के लिए दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन को लेकर भी ग्रामीणों की आये दिन शिकायते है कि साझा चूल्हा योजना में गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश है, किन्तु समूहों की महिलाओं के पतियों ने इसे व्यवसाय का माध्यम बना लिया है, जो मीनू का समुचित पालन ही नही हो रहा है? यही नही क्षेत्र के कई गॉवों में विभागीय सॉठ गॉठ के चलतें योजना कागजों में चल रही है और उनका भुगतान भी समूह ले रहे है...? जन चर्चाओं से मिल रही जानकारियों के अनुसार मध्यान्ह भोजन में मंगलवार को पुरी पुलाव के साथ खीर एवं आलू टमाटर की सब्जी व शनिवार को रोटी चावल के साथ मूँग की दाल, राजमा, टमाटर की सब्जी परोसने का प्रावधान है? किन्तु हो यह रहा है कि समूह इनका पालन नही कर पा रहे है, गुणवत्ता पर भी ऊँगलियॉ उठ रही है।

**खबर संक्षेप**

## 17 अगस्त को हरिद्वार से स्वामी परमार्थ देव का शहपुरा आगमन

**हरिभूमि न्यूज**।भारत स्वाभिमान न्यास,पतंजलि योग समिति,युवा भारत,किसान सेवा समिति(म.प्र. पूर्व) द्वारा शहपुरा(डिंडोरी) द्वारा एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस एक दिवसीय निःशुल्क इंट्रीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन रानी दुर्गावती स्टेडियम ग्राउण्ड शहपुरा(बारिश की स्थिति होने पर मेकल वेडमिंटन क्लब में पहुंचे) में किया जाएगा। एक दिवसीय योग शिविर का समय प्रातः 5.30 से 7.30 बजे तक रखा गया है। 18 अगस्त एक दिवसीय योग शिविर के पहले सरस्वती शिशु मंदिर शहपुरा में तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक में बताया गया कि इस शिविर का आयोजन योग गुरु स्वामी रामदेव बाबा के परम शिष्य मुख्य केंद्रीय प्रभारी पूज्य स्वामी परमार्थ देव जी महाराज के सानिध्य में होगा।यह भी तय किया गया कि एक दिवसीय योग शिविर के पूर्व पांच दिवसीय योग शिविर 13 अगस्त से 17 अगस्त तक मेकल वेडमिंटन क्लब शहपुरा में आयोजित होगा जिसका समय प्रातः 6 से 8 तक होगा। योग शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग,मोटापा,गैस, कब्ज,कमर दर्द,सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, एलर्जी,दमा, अस्थमा, माइग्रेन,डिप्रेसन,हाइपरटेंशन, जोड़ो का दर्द,गठियावात, सर दर्द,अनिद्रा आदि रोगों के निवारण से सम्बंधित अभ्यास कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राजेश साहू,पंकज साहू,नरेश ठाकुर,नागेंद्र चौहान,संजय साहू,सुभाष साहू,अश्वनी साहू,बृजबिहारी साहू,रामानुज राव,संतोष झरिया,अनिल अवधिया,सी आर अहिरवार,पूरन प्रजापति,डॉ ऋषीकेश ठाकुर,रामप्रसाद विश्वकर्मा,रत्नेश बिलैया आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर उमरिया करेंगे ध्वजारोहण

**उमरिया**। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड उमरिया में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे । तत्पश्चात पीटी ,परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम पश्चात मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों के व्दारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियो, पुलिस कर्मियों का सम्मान किया जाएगा।

## भण्डारे के साथ अखण्ड मानस पाठ का समापन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा**। थाना परिसर हनुमान मंदिर में दो दिवसीय अखंड मानस पाठ एवं रामायण का आयोजन सोमवार सुबह दस बजे पूजन पश्चात प्रारंभ किया गया था। स्थानीय रामायण मंडली के द्वारा 24 घंटे का अखंड मानस पाठ किया गया जो निरंतर चलता रहा। मंगलवार को अखंड मानस पाठ के समापन उपरांत मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया।

## महिलाओं ने रखा बहुरा चौथ का व्रत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा**। मंगलवार को भाद्रपद के चतुर्थ को बहुला चौथ व्रत महिलाओं ने रखकर दोपहर में गौ माता की पूजा की गई। वहीं रात्रि में चंद्रमा देखने के पश्चात दर्शन-पूजन चंद्रमा की।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई

**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं।**




हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जनसुनवाई के दौरान कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिंडौरी एसडीएम सुश्री भारती मेरावी, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों द्वारा प्रधानमंत्री योजनाओं के लंबित भुगतान और सामाजिक सहायता योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सहायता, अतिथि शिक्षक, ग्राम पंचायतों से आईं शिकायतों में ग्राम विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं, शासकीय राशि के दुरुपयोग और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से वंचित किए जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर शिकायत की गई।

ग्राम पंचायत खरगवारा विकासखंड मेहंदवानी के ग्राम कुकर्रा के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर सरपंच पति पर मनमानी और शासकीय कार्य में लापरवाही करने के आरोप लगाया है कि बिना ग्रामसभा की सहमति के लाखों रुपये के विकास कार्य अधूरे हैं, जांच कर कार्यवाही की मांग की है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पडरिया माल निवासी धनीराम कोल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि न मिलने की शिकायत की है। जिससे उन्हें आर्थिक समस्या हो रही है। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम मसूरघुघरी निवासी सुखदेव सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि तालाब निर्माण कार्य में मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना उनकी जानकारी के राशि निकाल ली गई और कार्य अधूरा है। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी को जांच कर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए। ग्राम पंचायत देवरा के निवासियों ने आवेदन प्रस्तुत किए हैं कि हंसनगर वार्ड क्रमांक 14 के शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा हैं जिससे वार्डवासियों को समस्या हो रही है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने तहसीलदार डिंडौरी को त्वरित जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम मानिकपुर के आवेदक चान सिंह ठाकुर ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि एकीकृत माध्यमिक शाला मानिकपुर में 2022-23 से 2024-25 तक अतिथि शिक्षक के पद पर कार्य किया है परन्तु प्रभारी प्राचार्य के द्वारा उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया है। जिसपर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को जांच कर लंबित भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।



# जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक की समीक्षा

डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक। वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित वन अधिकार पत्र के दावों, नवीन आवेदन, संशोधन, नवीन प्रकरणों एवं ग्राम स्तरीय समिति, पटवारी, बीट गार्ड, सचिव के द्वारा प्रकरण तैयार कर ऑनलाइन अपलोड पर विस्तृत चर्चा एवं वन मित्र एप्प पर किए गए अपलोड हितग्राहियों के आवेदनों का परीक्षण कर जांच की गई। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बैठक के दौरान जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विकासखंड वार वन अधिकार पत्र की व्यक्तिगत दावों की संख्या, वन ग्राम अधिकार समिति के पास लंबित दावे, उपखंड स्तरीय समिति के पास लंबित दावे, जिला स्तरीय समिति के लंबित दावों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को समयसीमा के अंदर पात्र हितग्राही किसान के प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही करते हुए एमपी वन मित्र पोंटल में दर्ज करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को वन अधिकार पत्र दिया जा सके। ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित 810 एवं उपखंड स्तर पर 71 दावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए पूर्ण कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले स्तर पर प्रस्तुत किए गए 20 आवेदनों को पुनः परीक्षण हेतु उपखण्ड स्तरीय समिति (एसडीएम) को वापस करने के निर्देश दिए और आवेदनों को पूर्ण कर पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव , वन विभाग रेन्जर मिथुन कुमार, क्षेत्र संयोजक श्रीमती श्वेता अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य पीतम सिंह मरावी, समस्त जनपद सीईओ, सचिव, वन विभाग के स्टॉफ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कन्या शिक्षा परिषर डिंडौरी में वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

पर्यावरण संरक्षण और विधिक जागरूकता की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए कन्या शिक्षा परिषर, डिंडौरी में "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश श्री आशीष कुमार केसरवानी उपस्थित रहे।

### "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण से हुई, जिसमें न्यायाधीश केसरवानी ने कन्या शिक्षा परिसर में अपनी माता जी के सम्मान में एक पौधा रोपित किया। उन्होंने छात्राओं को प्रकृति से जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और अपील की कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।



### छात्राओं में दिखा उत्साह

कार्यक्रम में कन्या शिक्षा परिषर की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अनेक सवाल भी पूछे। उनकी जिज्ञासाओं का न्यायाधीश ने शांतिपूर्वक उत्तर दिया।

### कार्यक्रम का समापन एवं आभार

अंत में संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों द्वारा न्यायाधीश का आभार प्रकट किया गया और छात्राओं को पर्यावरण एवं कानून के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी गई।

## शहपुरा क्षेत्र में ऐतिहासिक "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता" रैली का आयोजन

# 150 मोटरसाइकिलों के साथ 100 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा संपन्न



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान" के तहत शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश देते हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के नेतृत्व में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस विशाल रैली में लगभग 150 मोटरसाइकिलों का काफिला शामिल रहा, जिसने लगभग 100 किलोमीटर लंबा सफर तय करते हुए गांव-गांव में राष्ट्रध्वज फहराकर जनजागरण किया।

यात्रा का शुभारंभ और रूट विवरण

यह ऐतिहासिक रैली शाहपुर मंडल के ग्राम आमाचूहा से प्रारंभ होकर पोंडी, गोरखपुर, नरिया, धमनगांव, गनेशपुर, विक्रमपुर, कसईसोढा, चिचरिंगपुर, पाकर बर्घरा, बटौंधा, हर्रई, लुगदरा, अमनीपिपरिया, दूधी मझौंली, जमगांव, कैलवारा, के साथ ही शहपुरा मंडल के पोंडी, अम्हाई देवरी, सोनवर्षा, झगरेहटा, राछो, संग्रामपुर, रनगांव, करौंदी, बांकी, कंचनपुर, कारीगडहरी, राखी, चाटी, गुतली, बिजौरी, चरगांव, शहपुरा में रैली का आयोजन किया गया।

### हर गांव में हुआ भव्य स्वागत

रैली के दौरान गांव-गांव में विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे और उनके साथियों का फूल-मालाओं से तिलक कर स्वागत किया गया। खास बात यह रही कि हजारों महिलाओं ने राखी बांधकर अपने स्नेह का प्रतीक भी प्रस्तुत किया। रैली को देखकर ग्रामवासियों में देशभक्ति की उमंग और स्वच्छता के प्रति जागरूकता की लहर दौड़ गई।

### प्रमुख जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

इस ऐतिहासिक यात्रा में कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ता भी शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से श्रीमती प्रियंका आर्मो जनपद अध्यक्ष शहपुरा, श्रीमती शालिनी अग्रवाल नगर परिषद अध्यक्ष शहपुरा, ज्ञान सिंह त्रिपाठी, भजन त्रिपाठी, वीरेन्द्र मरावी, राजेश साहू, विष्णु प्रसाद अवधिया, सुशील राय, राकेश परस्ते, अंकित गुप्ता, सरपंच अमनीपिपरिया, अरूण अग्रवाल, बाबा ठाकुर, राजेन्द्र तिवारी, प्रभात झारिया, पवन झारिया सहित अन्य कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी।

### देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश

इस रैली के माध्यम से न केवल हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया, बल्कि हर घर स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की गई। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि अपने घर और गांव को स्वच्छ रखते हुए राष्ट्रध्वज का सम्मान करें।



# प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को सिखाएंगे जीवन कौशल

डिंडौरी ।

डिंडौरी में जीवन कौशल पाठ्यक्रम वर्ष 2 के मॉड्यूल पर एक दिवसीय शिक्षकों का प्रशिक्षण द्वितीय एवं आखिरी बैच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण हायर सेकेंडरी विद्यालय रयपुरा डिंडौरी में 12 अगस्त 2025 को आयोजित किया गया।

### प्रशिक्षण की मुख्य बातें

जीवन कौशल पाठ्यक्रम की जानकारीः प्रशिक्षकों ने पाठ्यक्रम के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही व्यावहारिक सुझाव और डेमो सत्रः शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल में सुधार के लिए व्यावहारिक सुझाव और डेमो सत्र दिए गए एवं शिक्षकों की शंकाओं का समाधान के लिए प्रशिक्षकों ने शिक्षकों के प्रश्नों और चिंताओं का समाधान किया। शिक्षकों को अपने स्कूलों में सत्रों का टाइम टेबल अनुसार क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए।

### प्रशिक्षक और सहयोगी की उपस्थिति

प्रशिक्षक श्री राहुल शुक्ला, श्री शैलेन्द्र तिवारी और श्री पदम कुमार बिल्थरे मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण हेतु उपस्थित रहे। साथ ही सहयोगी के रूप में सक्षम कार्यक्रम जिला प्रबंधक श्री महारन प्रताप सिंह परमार व ब्लॉक प्रबंधक श्री प्रवीण उपाध्याय उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को जीवन कौशल पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान किया गया। इससे छात्रों में जीवन कौशल का विकास होगा और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे।

# जापानी इंसेफेलाइटिस से मासूम की मौत, अधिवक्ता ने स्वास्थ्य विभाग से की कठोर कार्रवाई की मांग

**डिंडौरी**। ग्राम बहेरा, ब्लॉक अमरपुर के मासूम अजय गौतम (उम्र 6 वर्ष) की मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। अजय की जान एक ऐसे रोग ने ले ली, जिसे समय रहते पहचाना और रोका जा सकता था — जापानी इंसेफेलाइटिस। अब इस मामले में कानूनी दखल भी शुरू हो गया है। जिला स्तर से लेकर भोपाल तक स्वास्थ्य विभाग को जवाबदेह ठहराने की पहल करते हुए अधिवक्ता सम्यक जैन ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आयुक्त को एक विस्तृत पत्र भेजा है।

### घटना का क्रम

पिता संतोष गौतम के अनुसार, 21-22 जुलाई को खेलते समय अजय के बाएं पैर में सूजन आ गई। शुरुआत में परिवार ने इसे मामूली चोट समझा, लेकिन कुछ दिनों में हालत बिगड़ने लगी। 31 जुलाई को निजी चिकित्सकों से उपचार कराने के बावजूद न तो सूजन कम हुई और न ही बुखार उतरा। पैर का हिस्सा काला पड़ने लगा और मवाद भरने लगा।2 अगस्त को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ केवल प्राथमिक उपचार के बाद अजय को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहाँ उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। आईसीएमआर, जबलपुर की जांच रिपोर्ट में मौत का कारण जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस पाया गया। घटना के बाद अजय की बड़ी बहन भी बुखार से पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती हुई।

### अधिवक्ता सम्यक जैन का हस्तक्षेप

पत्राचार में अधिवक्ता जैन ने इसे स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही करार देते हुए कहा कि जापानी इंसेफेलाइटिस जैसे जानलेवा रोग के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पहले से रोकथाम, टीकाकरण, मच्छर नियंत्रण और जन-जागरूकता अभियान होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### उन्होंने मांग की कि

पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों और चिकित्सकों पर कार्रवाई की जाए। प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं।
100% टीकाकरण, मच्छर नियंत्रण और घर-घर सर्वे तत्काल शुरू हो।
सभी JE-प्रवण जिलों में निगरानी और परीक्षण प्रणाली को मजबूती दी जाए।
अधिवक्ता ने कहा एक मासूम की मौत ने यह साबित कर दिया है कि स्वास्थ्य तंत्र की तैयारी कागजों तक सीमित है। यदि अब भी सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में और मासूमों की जान जा सकती है।

### ग्रामीणों में भय और नाराज़गी

घटना के बाद बहेरा और आसपास के गाँवों में दहशत का माहौल है। मलेरिया विभाग की टीम अब गाँव में डेरा डाले हुए है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह पहल समय पर होनी चाहिए थी। कई लोगों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग ने पहले चेतावनी और रोकथाम पर ध्यान नहीं दिया।
यह मामला अब सिर्फ एक चिकित्सा लापरवाही नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की जवाबदेही का सवाल बन गया है। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस पर कितनी तेजी से और कितनी सख्ती से कार्रवाई करता है।

# मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित

### 46 नए मतदान केंद्रों के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

**डिंडौरी** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, विधानसभा क्षेत्र क्र. 104 डिंडौरी एसडीएम सुश्री भारती मेरावी एवं भाजपा से श्री महेश धुमकेती, श्री आशीष वैश्य, श्री पुनीत जैन , कांग्रेस से मो. जावेद इकबाल, श्री ज्योतिरादित्य भलावी, बसपा जिलाध्यक्ष मो. असगर सिद्दीकी और आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष श्री सोन सिंह, प्रभारी श्री राकेश अवधिया, श्री दीपांशु दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वर्तमान में जिले में कुल 655 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से शहपुरा क्षेत्र 103 शहपुरा में 336 और विधानसभा क्षेत्र 104 डिंडौरी में 319 हैं। भारत निर्वाचन आयोग के नए निर्देशानुसार एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता ही होने चाहिए, जबकि कई केंद्रों पर 1150 से अधिक मतदाता दर्ज हैं। विधानसभा क्षेत्र 103 शहपुरा में 28 नए मतदान केंद्र एवं विधानसभा क्षेत्र 104 डिंडौरी 18 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित, जिले में कुल नए मतदान केंद्र 46 प्रस्तावित हैं। इस प्रकार जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 701 हो गई है। भाजपा के कार्यालय मंत्री पुनीत जैन ने मतदान केंद्र क्रमांक 28 (जहां 1295 मतदाता हैं) को विभाजित कर, हंसनगर एवं साकेत नगर के लिए प्राथमिक शाला देवरा के स्थान पर अन्य नया मतदान केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।बीएलए (बूथ लेवल अभिकर्ता) की नियुक्ति पर चर्चा कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल अभिकर्ताओं (बीएलए) की जानकारी साझा की गई और आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र भी उपलब्ध कराए गए। साथ ही मतदान केंद्रवार बीएलए की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने 46 नए मतदान केंद्रों के प्रस्ताव को अनुमोदन कर इन्हें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजने की सहमति व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### जहरीली वस्तु के सेवन से व्यक्ति की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी व्यक्ति द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारी सुरेन्द्र पिता हरप्रसाद घोषी उम्र 36 वर्ष निवासी निवारी द्वारा अपने ही घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया एवं जबलपुर जाते समय रास्ते मे दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय पीएम श्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में भारत सरकार सूचना और प्रसारण मंत्रालय केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अनुसार विभाजन विभीषिका भारतीय स्वतंत्रता संग्राम कार्यक्रम अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन इतिहास विभाग में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. रीता रावत विभागाध्यक्ष राजनीति विभाग द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे के महत्व एवं उसके इतिहास के बारे में विस्तार चर्चा की गई। पूर्व एन.एस.एस. छात्र इकाई के प्रभारी डॉ. जी.एस. मर्सकोले ने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय तिरंगे के प्रति नागरिक कर्तव्य के बारे में समझाया। कार्यक्रम में डॉ. अमित ताम्रकार, एन.एस.एस. प्रभारी छात्र इकाई एवं डॉ. रानी कुमार एन.एस.एस. प्रभारी छात्रा इकाई, डॉ. प्रीति कौरव सहप्रभारी एन.एस.एस., डॉ. राकेश पटले एवं श्रीमती बबीता सोनी की उपस्थिति रही।

### जनसुनवाई में आये 78 आवेदन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 12 अगस्त को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्याएं बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनसुनवाई की लंबित शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निराकरण कर पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।

### धोखाधड़ी कर निकाले पैसे, गेम खेलने के बहाने लिया था मोबाइल

**नरसिंहपुर।** गत दिवस पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम शिकयत देकर धोखाधड़ी कर निकाली गई राशि वापस दिलाने की मांग की गई। थाना क्षेत्र मुंगवानी के बरहटझा निवासी व्यक्ति द्वारा दिए गए आवेदन मे बताया गया कि स्कूली छात्र द्वारा धोखाधड़ी कर रूपए निकाल लिए गए। बताया गया कि स्कूली छात्र ने अपने दोस्त के पिता के बैंक खाते से 57 हजार 40 रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने मुंगवानी थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई उसके बाद पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन दिया गया उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फिर शिकायत दर्ज कराई गई है। शासकीय हाई स्कूल बरहटा के 12वीं कक्षा के छात्र सुमित स्वामी ने 8वीं कक्षा के छात्र समीर खान की दोस्ती का फायदा उठाया। सुमित ने मोबाइल गेम खेलने के बहाने समीर के पिता मुलताज खान का फोन लिया। इसके बाद फर्जी आईडी बनाकर उनके बैंक खाते से धीरे-धीरे पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। उक्त जानकारी मुलताज खान को तब पता चला जब वे बैंक से पैसे निकालने गए। खाते में बैलेंस शून्य था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी छात्र और उसके पिता संदीप स्वामी ने उन्हें जान से मारने और गांव से निकालने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और ठगी की रकम की वापसी की मांग की है।

### कवि सम्मेलन का आयोजन 15 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वाधीनता पर्व 15 अगस्त को तुलसी मानस प्रतिष्ठान सदर मढ़िया में रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना










### जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले में हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान को लेकर जिले में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां जैसे तिरंगा रैली, साईकिल रैली, बाईक रैली, तिरंगा यात्रा आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में सभी वर्ग की सहभागिता रहेगी। इस अभियान में बच्चों, युवा, बुजुर्ग, महिला, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, संस्थायें, एनसीसी, एनएसएस, यूथ क्लब, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति देश भक्ति का संचार करने और जागरूकता उत्पन्न करने के लिए नगर पालिका कार्यालय से विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विशाल तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### विभिन्न मार्गो से निकाली गई रैली

तिरंगा रैली नगर पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के नगर पालिका चैराहा, सुभाष पार्क व जिला सहकारी बैंक के सामने से होते हुए वापस नगर पालिका कार्यालय में समाप्त हुई। विशाल तिरंगा रैली में उत्कृष्ट विद्यालय, सीएम राईज स्कूल नरसिंहपुर, एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर और अन्य स्कूली छात्र- छात्रायें, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खिलाड़ी, खेल अधिकारी सहित अन्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। हाथों में तिरंगा लेकर वन्ध्दे मातरम, भारत माता की जय घोष के नारे लगाए गए। इस दौरान रामस्नेही पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीलम चैहान, पार्षदगण, अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी और अन्य मौजूद थे।

### पुलिस द्वारा निकाली गई बाईक तिरंगा रैली

जिले में हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मंगलवार को पुलिस विभाग द्वारा आयोजित तिरंगा बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे। तिरंगा बाईक रैली में शहर के थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी- कर्मचारी, विभागीय पुलिस अधिकारी और होमगार्ड शामिल हुए। यह तिरंगा बाईक रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुखों मार्गो से होते हुए निकाली गई।

### पीजी कॉलेज में आयोजित हुई तिरंगा रैली

जिले में हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मंगलवार को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा आयोजित तिरंगा रैली को रवाना किया। इस दौरान पीजी कॉलेज के प्राचार्य, प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं तिरंगा रैली में शामिल हुए। तिरंगा रैली का शुभारंभ पीजी कॉलेज से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुखों मार्गो से होते हुए निकाली गई।

# 11.38 स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने और ही नशे का कारोबार वालों व सेवन करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए संपूर्ण जिले में विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना स्टेशनगंज पुलिस टीम द्वारा अपराध पतासाजी भ्रमण के दौरान दादा महाराज से गोटेगांव रोड पर बाघपौडी तिराहा के पास एक व्यक्ति पुलिस को देख कर छुपने लगा जिसे रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया जो भागने लगा जिसे हमराह स्टाफ के घेराबंदी कर पकडा जिससे नाम पता पूछा गया जिसने अपना नाम परषोत्तम पटैल पिता देवी सिंह पटैल उम्र 30 साल निवासी बढैयाखेडा, थाना ठेमी का होना बताया वैधानिक कार्यवाही करते हुये तलाशी ली गई जिसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 11.38 ग्राम कीमती 1,10,000 रूपये रखे मिला जो कि विक्रय करने के उद्धेश्य से अपने पास रखे हुये था। उक्त अवैध समैक आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी को गिरप्तार किया जाकर उसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 646/2025 धारा 8 (I) (ब), 21 (इ) एन.डी.पी.एस.एक्ट का अपराध किया जाकर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे, उनि. अभिषेक पटैल, सउनि. शिवराज पटैल, प्रआर. आशीष मिश्रा, वरि.आर. संजय पाण्डेय, वरि.आर. लक्ष्मी नागपुरे, आरक्षक नंदकिशोर कुशवाहा, आरक्षक दिनेश पटैल, महिला आर. कुमुद पाठक, चालक प्रशांत ठाकुर, आरक्षक सुमित जखमौला, आरक्षक पंकज द्विवेदी की मुख्य भूमिका रही।

# बरहटा स्कूल द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस शासन के निर्देशानुसार शासकीय कृषि उच्च माध्यमिक विद्यालय बरहटा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन प्रतीक दुबे ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद एवं पंडित बृजभूषण बाजपेई ग्राम जन अभियान परिषद, प्राचार्य एस के बक्शी कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता के मार्गदर्शन में रैली का राष्ट्रीय नारे के साथ आयोजन किया गया जिसमें संस्था के समस्त छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ सहभागिता दी।कार्यक्रम में संस्था से गैस एजेंसी तक रैली निकाली गई। संस्था में प्राचार्य बक्शी जी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्था परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत साफ सफाई कार्य नारे लगाकर किया गया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक भागचंद झारिया, गनी मोहम्मद बहना, जे पी कोरी, पुष्पेंद्र पूषाम, शायना उस्मानी, सरिता कोरी, राजेश सिंगोतिया, रोहित लोधी, अमित कहार भावना मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा, शंकर राजभर, रूपेंद्र पाटकार, अजय दुबे, गणेश अहिरवार, प्रशांत नामदेव, यश गुप्ता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इमझिरा में हर घर तिरंगा एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम संपन्न




तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा विगत दो अगस्त से 15 अगस्त तक संपूर्ण देश में चल रहे घर घर तिरंगा फहराने तथा स्वच्छता के उद्देश्यों को ऊर्जा प्रदान करते हुए हर घर स्वच्छता स्वच्छता का प्रचार एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमझिरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। सभी छात्र छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे अपने घर गली मोहल्ला एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखेंगे और आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत देंगे।

विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा निकाली गई जो विद्यालय से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होती हुई पुन विद्यालय में संपन्न हुई। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती सीमा मिश्रा ने छात्रों को बताया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक आदत है जिसे हम सभी को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जयप्रकाश कोष्टी द्वारा किया गया । सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया गया।साथ ही तिरंगा यात्रा में सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही जिसमें हरिराम राकेश पटेल प्रजापति अभिलाषा गौतम अतिथि शिक्षक पुष्पेंद्र शर्मा रूपनारायण सोनी अरविंद शुक्ला दीपक दुबे अंजना जैन कु.ऊष्मा अग्रवाल विवेक कौरव कपिल अग्रवाल आदित्य घोषी प्रमुख रुप से शामिल रहे।

# विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में निकाली गई तिरंगा यात्रायें

## स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों पर हुआ माल्यार्पण





तेंदूखेड़ा

संपूर्ण भारत वर्ष में हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा फहराने को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा ग्राम कोड़िया के विजय स्तंभ चौक से शुरू होकर तेंदूखेड़ा के स्वतंत्रता सेनानी स्व रामचंद्र जी राय स्व भागचंद जी जैन सच्चे दादा चौक पर माल्यार्पण कर गांधी चौक पर पूज्य महात्मा गांधी के स्मारक पर आकर माल्यार्पण के साथ संपन्न हुई । कोड़ियां के विजय स्तंभ से बोहानी पुरगुंवा करपगांव निजोर सिहोरा खुलरी इमझिरी बरमान खुर्द चांवरपाठा डोभी इमझिरा तथा शाम को तेंदूखेड़ा पहुंची ।जगह जगह स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों पर माल्यार्पण किया गया।इस मौके पर लोगों में उत्साह देखने को मिला यात्रा में शामिल सभी लोग अपने अपने हाथों में तिरंगा लेकर साथ चल रहे थे।इस मौके पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने स्पष्ट किया कि हमें आजादी दिलाने वाले उन अमर शहीदों का पुण्य स्मरण करने माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर यह यात्रा संपूर्ण देश में निकाली जा रही है।दो अगस्त से शुरू हुई यात्रा 15 अगस्त तक निकाली जायेगी।इन यात्राओं से लोगों और छोटे छोटे बच्चों में देश और हमारे राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान और जागरुकता बढ़ेगी।इस मौके पर भाजपा के सभी मंडलों के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री सदानंद जी का प्रकटोत्सव







### शंकराचार्य को चांदी का मुकुट अर्पित कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज, गोटेगांव

यशभारत परमहंसी गंगा आश्रम में आयोजित चार्तुमास के दौरान अनंत विभूषित पूज्यपद जगदुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर, परमपूज्य श्री सदानंद सरस्वती महाराजजी का प्रकटोत्सव दो दिवसीय वर्धापन महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर देश विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं ने धूमधाम भक्ति भाव से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गुरु महाराज का आयोजित चातुर्मास में सम्मिलित होकर विविध धार्मिक आयोजन हवन पूजन-अर्चन आरती बंधन किया। इसी श्रृंखला में गोटेगांव नगर के निवासी महाराज श्री के अनन्य भक्त श्रद्धालु आलोक खरया एवं अक्षय खरया द्वारा गुरु महाराज को विशेष रूप से निर्मित चांदी का मुकुट अर्पित किया गया। चांदी के मुकुट को अर्पण करते समय भक्तों ने गुरु महाराज के चरणों में नमन करते हुए उनके दीर्घायु और आशीर्वाद की कामना कर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही और वातावरण गुरु भक्ति के जयकारों से गूंज उठा।

***सेवा का महापर्व, स्वास्थ्य, रक्तदान और वृद्ध सम्मान का संगम***- धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर स्थित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के 67 वें जन्मोत्सव के पावन अवसर परए ईशानी देवी चिकित्सालय में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस सेवा महोत्सव का शुभारंभ स्वयं पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य किया। शिविर में शुगर, बीपी, ईसीजी जैसी आवश्यक जाँचें की गई और मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। कार्यक्रम में एमडी डॉक्टर अखिलेश तिवारी, डॉ. संतोष नेमा, डॉक्टर श्रीकांत पटेल, वैद्य डॉ. जीके चौबे और डा. मनीष गुप्ता ने अपनी सेवाएँ दीं। नरसिंहपुर से आई ब्लड बैंक टीम के सहयोग से रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 67 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह सेवा शिविर श्री शंकराचार्य नेत्रालय, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय एवं बाल विद्या निकेतन के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूज्य शंकराचार्य जी महाराज के साथ आचार्य महामंडलेश्वर रामकृष्णानंद जी महाराज, निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद, ब्रह्मचारी अचलानंद, नेत्रालय प्रबंधक आनंद तिवारी अन्नू भैया, रवि त्रिपाठी, अरविंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में हंसी गंगा आश्रम के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के लगभग 44 वरिष्ठजन भी विशेष आमंत्रित थे। वृद्ध माताओं को साड़ी और लिफाफा, जबकि वृद्ध पिताओं को धोती, गमछा, मिठाई और लिफाफा भेंट किया गया। वृद्धाश्रम प्रबंधन से रघुवीर तिवारी और रामकुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। पूज्य शंकराचार्य महाराज ने आशीर्वचन में कहा जीवन का सच्चा उत्सव सेवा में है, ओर सेवा का सच्चा फल है संतोष। यह आयोजन केवल एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि समाज में सेवा, करुणा और मानवता की सजीव मिसाल बन गया।

***जन्मोत्सव पर श्री शंकराचार्य विद्या निकेतन में विविध धार्मिक आयोजन***- श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन झोतेश्वर में जगदुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का 67वाँ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गयाए श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन में आज पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगदुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज का 67वाँ जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की आदरणीय प्राचार्या महोदया श्रीमती सुरभि तिवारी जी ने किया। विद्यालय के निदेशक आनंद तिवारी ने गरिमामय उपस्थिति में दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की पूजन एवं पूज्य जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती जी की चरण पादुका पूजन करके कार्यक्रम को दिव्य वातावरण प्रदान किया। इसके पश्चात विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने मंगलाचरण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। छात्रों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया, जिसमें भजन और भक्ति गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुति शामिल थी। कार्यक्रम का सफल संचालन संगीता शर्मा एवं सुश्री शिवानी शर्मा के द्वारा किया गया। इस पावन मौके पर, विद्यालय के निदेशक आनंद तिवारी ने भी जगदुरु की महिमा का बखान करते हुए उनके पवित्र वचनों को हमारे मध्य रखा, जिससे सभी को प्रेरणा मिली। इस कार्यक्रम में मुकेश पाठक मनीष राय अनिल तिवारी सचिन साहू अभिषेक सराठे आनंद राय प्रशान्त कुशवाहा, श्रीमती शिल्पा दुबे श्रीमती प्रीतिमा पांडे और श्रीमती माया ठाकुर की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों में प्रसाद और फलों के वितरण के साथ हुआ

***पूज्य ज्योतिषपीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का संदेश***- "शंकराचार्य परंपरा केवल एक पदवी नहीं, बल्कि यह वेद, शास्त्र और धर्म की रक्षा का दायित्व है। पूज्य सदानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने आचार और विचार से इस दायित्व का निर्वहन उत्कृष्ट ढंग से किया है । उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।"

***मुख्य अतिथियों के शुभकामना संदेश***- मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा, "पूज्य शंकराचार्य जी महाराज सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ समाज में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को स्थापित करने में अद्वितीय भूमिका निभा रहे हैं। उनका आशीर्वाद हम सभी के लिए अमूल्य है।"पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कहा, "गुरुदेव का जीवन त्याग, सेवा और ज्ञान की जीवंत मिसाल है । जन्मोत्सव पर हम प्रार्थना करते हैं कि उनका आशीर्वाद युगों-युगों तक हम पर बना रहे।" पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा, "गुरुदेव ने न केवल धर्म की पताका को ऊँचा किया है, बल्कि संस्कृति की जड़ों को सींचने का कार्य भी निरंतर किया है।" गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने कहा, "गुरुदेव के मार्गदर्शन से गोटेगांव की धरती और भी पावन हो " गई है।"

**नाम सुधार सूचना**

मैं वीर बहादुर थापा, निवासी जैन मंदिर के पास शक्ति नगर मकरोनिया जिला सागर का स्थाई निवासी हूं। यह कि शपथकर्ता के पुत्र सौमाय बहादुर थापा का जन्म पराडकर नर्सिंग होम नरसिंहपुर जिला व तहसील नरसिंहपुर में दिनांक 06/12/2009 को हुआ था। यह कि शपथकर्ता के पुत्र सौमाय बहादुर थापा का जन्म प्रमाण पत्र अभी वर्तमान में डिजिटल बना हुआ है। जिसमें शपथकर्ता के पुत्र का नाम हिन्दी में सौम्य बहादुर थापा दर्ज कर दिया गया है। जो गलत है जिसे शपथकर्ता सुधरवाना चाहता है। यह कि शपथकर्ता अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में नाम सौमाय बहादुर थापा SOUMAY BAHADUR THAPA पिता का नाम वीर बहादुर थापा VEER BAHADUR THAPA और माता का नाम सुमित्रा थापा SUMITRA THAPA दर्ज करवाना चाहता है जो सत्य व ही है। इस हेतु शपथपत्र पेश कर रहा हूं।

शपथकर्ता
वीर बहादुर थापा